# मुख्यमंत्री ने रसोइयों को दी सौगात, बढ़ाया मानदेय कैशलेस चिकित्सा कार्ड और बीमा सुविधा का ऐलान

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिड-डे मील रसोइयों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए उनके मानदेय में वृद्धि की है। अब मिड-डे मील रसोइयों को 02 हजार रुपये के स्थान पर 03 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही रसोइयों को ड्रेस के लिए मिलने वाला भत्ता भी बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रसोइयों को कैसलेस चिकित्सा कार्ड भी वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब रसोइयों को ड्रेस के लिए 500 रुपये की जगह 1000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा मिड-डे मील रसोइयों को कैशलेस हेल्थ कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की ओर से उन्हें बीमा सुरक्षा का लाभ भी मिलेगा। दुर्घटना की स्थिति में 02 लाख रुपये तक के दुर्घटना बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों और रसोइयों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश के विकास और जनहित के कार्यों के लिए समय नहीं था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'पहले बबुआ 12 बजे सोकर उठते थे, 02 बजे तैयार होते थे, 05 बजे जिम जाते थे और 07 बजे महफिल सजती थी। उनके पास प्रदेश के लिए समय कहां था। आज सरकार के पास प्रदेश के लिए पर्याप्त समय है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। बेटी को छेड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में स्कूलों की व्यवस्था खराब थी और परीक्षाओं में नकल होती थी, लेकिन अब शिक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। उन्होंने दावा किया कि जनता आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी को जवाब देगी और प्रदेश में विकास की राजनीति को आगे बढ़ाएगी।

**मुख्यमंत्री के हाथों 11 रसोइयों को मिला कैशलेस चिकित्सा कार्ड व बढ़े मानदेय का चेक :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए कार्यक्रम में रसोइया सामाजिक सुरक्षा के तहत एमओयू हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (बेसिक/माध्यमिक शिक्षा) पार्थसारथी सेन शर्मा व एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक दीपेश राज ने रसोइयों व उनके परिजनों के लिए दो लाख रुपये की बीमा दुर्घटना सहायता के सुरक्षा कवच से संबंधित अनुबंध का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना की उपलब्धियों संबंधी लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 11 रसोइयों को सम्मान व कैशलेस चिकित्सा कार्ड, परिधान किट व बढ़े हुए मानदेय का चेक प्रदान किया।

**छात्राओं ने मुख्यमंत्री संग ली सेल्फी :** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने योजनाओं की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। बच्चों ने उन्हें निपुण तराजू के बारे में भी बताया। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी दी। इस दौरान मीना मंच के स्टॉल पर बच्चियों ने मुख्यमंत्री से सेल्फी लेने का अनुरोध किया, जिस पर सीएम मुस्कुरा उठे और बच्चियों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इसके बाद सीएम योगी ने छह माह की अनीता व मो. अली को अपने हाथ से खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया और खिलौना दिया।

### गंगा-यमुना का जलस्तर स्थिर, सभी तटबंध सुरक्षित


# प्रयागराज में गंगा-यमुना खतरे के निशान से करीब चार मीटर नीचे

## 24 घंटे में फाफामऊ में 16 और छतनाग में चार सेंटीमीटर की बढ़ोतरी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा और यमुना का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से काफी नीचे बना हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से 23 अगस्त को सुबह आठ बजे जारी जलस्तर रिपोर्ट के अनुसार दोनों नदियों के सभी तटबंध सुरक्षित हैं और कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। हालांकि, पिछले 24 घंटे में फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में 16 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि नैनी में यमुना का जलस्तर छह सेंटीमीटर घटा है।

जिला प्रशासन के अनुसार प्रयागराज में बाढ़ का खतरे का निशान 84.734 मीटर निर्धारित है। 23 अगस्त की सुबह आठ बजे यमुना का जलस्तर नैनी में 80.63 मीटर दर्ज किया गया। यहां पिछले 24 घंटे में जलस्तर में छह सेंटीमीटर की कमी आई है। नैनी क्षेत्र में इस अवधि में 53.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 81.27 मीटर रहा, जो पिछले 24 घंटे की तुलना में 16 सेंटीमीटर अधिक है। फाफामऊ क्षेत्र में 56.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं छतनाग में गंगा का जलस्तर 80.30 मीटर रहा और यहां 24 घंटे में चार सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। छतनाग में 64.0 मिलीमीटर वर्षा हुई। इसी तरह एसटीपी-बक्सी बांध पर जलस्तर 80.77 मीटर दर्ज किया गया, जहां पिछले 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर



की कमी आई है। प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में सभी तटबंध सुरक्षित हैं। नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

बारिश और नदियों के जलस्तर में संभावित बदलाव को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल गंगा और यमुना दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे होने के कारण प्रयागराज में बाढ़ का तत्काल कोई खतरा नहीं है। हालांकि, लगातार हो रही वर्षा के कारण नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

# अहरौरा में 24 करोड़ की योजना से बदलेगी जल निकासी व्यवस्था

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में अहरौरा नगर क्षेत्र में जल निकासी की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में पहल तेज हो गई है। नगर से निकलने वाले दूषित पानी के उचित निस्तारण के लिए करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के प्रयास से तैयार प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

योजना के तहत नगर क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी को एक विशेष ड्रेन नाले के माध्यम से एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। यहां पानी का शोधन करने के बाद उसका सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा। इससे जहां नगर में गंदे पानी के जमाव और जल निकासी की समस्या कम होगी, वहीं आसपास के किसानों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

अहरौरा नगर में लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों और बस्तियों से निकलने वाला दूषित पानी नालियों के रास्ते खेतों तक पहुंच रहा था। इससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ ही किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा था। स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे।

एसटीपी निर्माण के बाद दूषित पानी को खेतों में जाने से रोका जा सकेगा और नगर की स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार आएगा। प्रस्ताव में प्लांट के साथ जल निकासी के लिए आवश्यक संरचनाओं के निर्माण को भी शामिल किया गया है। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने बताया कि अहरौरा नगर की जल निकासी समस्या को देखते हुए एसटीपी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। धनराशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद नगरवासियों और किसानों दोनों को इसका लाभ मिलेगा।

## अर्धनारेश्वर मंदिर परिसर में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जीवनधारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को महामाया मंगला काली मंदिर के परिक्रमा पथ पर स्थित प्राचीन अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण किया गया। अभियान समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में सुबह सात बजे आयोजित किया गया। शहर से करीब पांच किलोमीटर दक्षिण दिशा में बीहड़ क्षेत्र में स्थित महामाया मंगला काली मंदिर के परिक्रमा पथ, अर्धनारेश्वर महादेव मंदिर परिसर और मंगला काली मंदिर प्रांगण में कदम, चितवन, पकड़िया, चांदनी, हरसिंगार, गुड़हल, पीपल, बरगद, अशोक और बेलपत्र समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। पौधों की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौंपी गई। पौधारोपण के बाद पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी हुई। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि प्राकृतिक रूप से वर्षा होने में पेड़-पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेड़-पौधे वाष्पोत्सर्जन की प्रक्रिया के माध्यम से जमीन से पानी खींचकर वातावरण में जलवाष्प छोड़ते हैं, जिससे वायुमंडल में नमी बढ़ती है और वर्षा चक्र को सक्रिय करने में मदद मिलती है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज रायबरेली दौरा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, : रायबरेली :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित 24 अगस्त के रायबरेली दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के अमर शहीद राणा बेनी माधव बक्श सिंह की 222वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का कार्यक्रम है। यहां वह 50 करोड़ की लागत से बने सभागार का लोकार्पण व एक जनसभा को संबोधित करेंगें। हालांकि दौरे की कोई आधिकारिक सूचना अभी उपलब्ध नहीं हुई, जबकि प्रशासन प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुट गया है।

उल्लेखनीय है कि 1857 की क्रांति के नायक राणा बेनी माधव सिंह की 222वीं जयंती पर भाव समर्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राणा बेनी माधव स्मारक समिति द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन विभाग द्वारा बनाये गए एक सभागार का लोकार्पण होना है। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली के जीआईसी मैदान में आयोजित एक जनसभा को भी संबोधित करेंगें।

मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर कई योजनाओं का लोकार्पण भी होना प्रस्तावित है। हालांकि अभी प्रशासन द्वारा कोई अधिकृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। बावजूद इसके मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस, प्रशासन सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर रहे हैं व साफ़-सफ़ाई सहित सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। आईजी किरण यश ने भी मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के लिए ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को परखा और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। नगर पालिका द्वारा सभी जरूरी काम समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर नगर पालिका प्रशासन विशेष ध्यान दे रहा है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने, नालियों की सफाई, जलभराव रोकने और शहर की समुचित सफाई व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वीआईपी दौरे से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएंगी।

## यूपी के हमीरपुर में 168 करोड़ 10 लाख रूपये से जल्द बनेगा राठ चिरगाँव मार्ग

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ नगर क्षेत्र में बरसों से लंबित राठ गरौठा चिरगांव मार्ग के लिए शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत हो जाने पर अब उक्त मार्ग का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा। इस मार्ग के बनने पर क्षेत्रीय लोगों का झांसी जाने के लिए समय व रुपये सहित लगभग 50 किलोमीटर का सफर बचेगा।

क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने शनिवार को बताया कि नगर से गुरसराय गरौठा झांसी के लिए बनाए जाने वाली सड़क का निर्माण वर्षों से लंबित था। उनकी विशेष पहल पर शासन ने उक्त मार्ग के बनाने के लिए 168 करोड़ 10 लाख 64 हजार की धनराशि स्वीकृत करते हुए उसके निर्माण कर जल्द से जल्द प्रारंभ कराए जाने का आदेश जारी किया। अब उक्त सड़क के निर्माण से राठ, गरौठा,गुरसराय से चिरगांव होते हुये झांसी पहुंचने में स्थानीय लोगों का समय रुपया व लगभग 50 किमी की दूरी की बचत के साथ उनके व्यापार रोजगार व क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा।

# आपका राशिफल 24 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगें। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक 4 5 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक 5 7 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक 3 4 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

# मदरसा कमेटी ने खुद शुरू किया अवैध निर्माण हटाने का काम

## 1200 वर्गमीटर क्षेत्र में बने हिस्से को हटाने की कार्रवाई, प्रशासन ने कब्रिस्तान की जमीन पर निर्माण बताया

**मुजफ्फरनगर:** उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के फुलत गांव में मदरसा दारुल उलूम रहीमिया के विवादित निर्माण को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मदरसा प्रबंधन समिति ने रविवार को बुलडोजर मंगवाकर स्वयं निर्माण हटाना शुरू किया। प्रशासन के अनुसार, करीब 1200 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध निर्माण पाया गया था। मदरसा कमेटी की ओर से दावा किया गया है कि यह मदरसा करीब 50 वर्ष पुराना है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कब्रिस्तान की जमीन पर किया गया था। तहसीलदार न्यायिक अरविंद कुमार कुठार ने 18 अगस्त को मदरसा संचालक हिफजुर्रहमान अंसारी को नोटिस जारी कर अवैध कब्जा स्वयं हटाने के निर्देश दिए थे।

नोटिस में कहा गया था कि यदि अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी और इसका खर्च भी संबंधित पक्ष से वसूला जाएगा। इसके बाद मदरसा प्रबंधन समिति ने स्वयं निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

रविवार को बुलडोजर की मदद से 300 वर्गमीटर क्षेत्र में बने दो हॉल गिराए गए। वहीं, करीब 900 वर्गमीटर क्षेत्र में बने आठ कमरे अभी बाकी हैं। प्रशासन की जांच



में मदरसे के अंदर बने इस हिस्से को अवैध बताया गया था। इस मामले की शुरुआत जुलाई में हुई शिकायत के बाद हुई थी। रतनपुरी थाने में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फुलत गांव में ग्राम समाज की जमीन पर मदरसा दारुल उलूम रहीमिया का निर्माण किया गया है। शिकायत में मदरसा संचालक मौलाना हिफजुर्रहमान उर्फ हफीजुर्रहमान अंसारी, जुबैर अंसारी और जुनैद अंसारी पर मदरसा संचालन और अवैध धर्मांतरण से जुड़े आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में तीनों के खिलाफ अवैध धर्मांतरण का केस दर्ज किया था। 15 जुलाई को पुलिस ने हिफजुर्रहमान के बेटे जुनैद अंसारी को गिरफ्तार किया था, जो अभी जेल में है।

मदरसे के निर्माण से जुड़े मामले की सुनवाई खतौली तहसीलदार न्यायिक की अदालत में चल रही थी। 22 मई को अदालत ने 1200 वर्गमीटर भूमि पर बने निर्माण को अवैध करार देते हुए 30 हजार रुपये का जुर्माना और पांच हजार रुपये खर्च लगाने का आदेश दिया था।

इसके बाद मदरसा संचालक ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अदालत में अपील की। 17 अगस्त को अपीलीय अदालत ने पहले के आदेश को निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि विवादित भूमि पर बना निर्माण स्वयं हटा लिया जाए।

## कार से मिला 10 किलो सोना, दो युवक हिरासत में

**कन्नौज:** कन्नौज में पुलिस को टक्कर मारने वाली एक कार से 10 किलो से अधिक सोना बरामद हुआ है। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को हिरासत में लिया है। बरामद सोना अलग-अलग ईंटों के रूप में था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात कांवड़ यात्रा ड्यूटी से लौट रही पुलिस टीम की कार की आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक ब्रेजा कार से टक्कर हो गई। हादसे के बाद पुलिसकर्मियों ने कार सवार युवकों से पूछताछ की, लेकिन उनके जवाब संदिग्ध लगे। इसके बाद कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार में रखे काले बैग से सोने की 10 ईंटें मिलीं। तालग्राम थाने में वजन करने पर सोने का वजन 10 किलो 26 मिलीग्राम पाया गया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जानकारी जीएसटी विभाग को दी है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक सोने से जुड़ी जानकारी नहीं दे सके। इनमें से एक युवक महाराजगंज और दूसरा नेपाल का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक गोरखपुर से सोना लेकर जा रहे थे।


**NAME CHANGE**

I Vikrant Bhojwani Son of Shri Meghraj Bhojwani 88, Sector 4 Global Park City, Katara hills, Hujur Bagh mugalia, Bhopal declared that My name in PAN card and Passport Vikrant Meghraj Bhojwani. Vikrant Bhojwani and Vikrant Meghraj Bhojwani both are names my. At present I known a name is Vikrant Bhojwani.



# आपत्तिजनक रील मामले में निलंबित महिला दरोगा ने लगाए गंभीर आरोप

## निजी वीडियो साझा कर छवि और करियर को नुकसान पहुंचाया

**मेरठ:** आपत्तिजनक रील मामले में निलंबित की गई महिला दरोगा अनु कॉलिस शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं। उन्होंने वीडियो प्रसारित करने वाले व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कई दिनों से कमरे में बंद हैं और मानसिक रूप से परेशान हैं।

अनु कॉलिस ने इंटरनेट माध्यम पर लाइव आकर कहा कि उन्हें अपनी सरकारी नौकरी पाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद उनकी छवि और करियर को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव से गुजर रही हैं।

अनु कॉलिस ने आरोप लगाया कि एक इंटरनेट प्रभावक ने उनकी निजी तस्वीरें और वीडियो बिना अनुमति साझा किए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी को उनके वीडियो पर आपत्ति थी तो सीधे शिकायत क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वीडियो को सार्वजनिक करने के बजाय विभाग या पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता था।



उन्होंने दावा किया कि वीडियो साझा करने वाले व्यक्ति ने अब अपना पोस्ट हटा दिया है और उनके भाई से माफी मांग रहा है। अनु कॉलिस ने कहा कि जिस पोशाक को लेकर विवाद हुआ, उसे उन्होंने अपनी मां के साथ खरीदकर पहना था और उनके परिवार को इससे कोई आपत्ति नहीं है।

अनु कॉलिस वर्ष 2023 बैच की उत्तर प्रदेश पुलिस की दरोगा हैं। वह मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं और मेरठ में रोहटा थाना, ब्रह्मपुरी तथा वर्तमान में एसएसपी कार्यालय में तैनात रह चुकी हैं।

16 अगस्त को पुलिस आचरण नियमावली के उल्लंघन और कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले में तत्कालीन एसएसपी के आदेश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। मामले की जांच पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा की जा रही है।

अनु कॉलिस ने कहा कि उन्होंने अपनी बात रखने के लिए लाइव आने का फैसला किया, क्योंकि उनकी ओर से अब तक कोई पक्ष सामने नहीं आया था।

उन्होंने वीडियो साझा करने वाले व्यक्ति से पूछा कि यदि उन्हें उनके कार्य पर आपत्ति थी तो विभाग में शिकायत क्यों नहीं की गई।


**आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश 1100 क्वाटर्स, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

**दूरभाष क्रमांक: 7489911430, 9302733262**

**अकादमी ग्रंथालय हेतु पुस्तकों के क्रय के लिए ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक:10040/अका./ग्रंथा./14/निविदा 2026 भोपाल दि. 21-08-2026**

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश 1100 क्वाटर्स अरेरा कॉलोनी, भोपाल स्थित ग्रंथालय हेतु पुस्तकों के क्रय के लिए 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। पुस्तकों के क्रय हेतु ई- ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 22/08/2026 से निर्धारित निविदा शुल्क राशि रूपये 500/-(रूपये पांच सौ मात्र) का ई-भुगतान करने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। अकादमी ग्रंथालय की पुस्तकों के क्रय के कार्य हेतु ई-निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी ई-निविदा प्रपत्र में दी गई है। पुस्तक क्रय के कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र केवल अवलोकन हेतु अकादमी की वेबसाइट **www.academy.mp.gov.in** पर भी उपलब्ध कराया गया है।

**प्रभारी अधिकारी ग्रंथालय**
**आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल**

**कृते/-संचालक**
**आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल**

G 17578/26



**In the Court of Civil Judge Class-I, Civil Court Bhikangaon, Distt West Nimar Khargone**

**Presiding Officer: निर्भय कुमार गरवा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000001/2026)**

गौरव राठौर.... आवेदक Vs

आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित.. अनावेदक

P No 277/2026

Process Id-/2026 पेशी दिनांक 21/09/2026

**प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण (2) आम जनता** आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव राठौर पता ने मृतक. राधेश्याम पिता रणछोड़ राठौड़ निवासी मकान नम्बर 32 महात्मा गांधी मार्ग बस स्टेण्ड के सामने भीकनगांव तहसील भीकनगांव जिला खरगोनम.प्र. की रूपये 777803/-राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21 September 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 September2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 14 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**निर्भय कुमार गरवा (न्यायाधीश)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड भीकनगांव मप्र**